



# उज्जैन के बगलामुखी में रात 12 बजे अभिषेक, आज दिनभर श्रृंगार दर्शन

- रामनाथ महाराज के सानिध्य में जन्मोत्सव पर 56 भोग व आरती-पूजा की जाएगी

**उज्जैन। भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में मां बगलामुखी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में मंदिर में गुरुवार की रात 12 बजे मां बगलामुखी का विद्वान आचार्यों एवं 51 बटुकों के द्वारा अभिषेक-पूजन कर श्रृंगार किया गया।**

शुक्रवार की सुबह मंदिर के मुख्य शिखर का ध्वज बदला जाएगा। इसके पश्चात आरती होगी व दिनभर भक्तों के लिए मंदिर खुला रहेगा और मां बगलामुखी के दर्शन के साथ आशीर्वाद स्वरूप भक्तों को अभिमंत्रित कुमकुम वितरण किया जाएगा। रात 9 बजे 56 भोग लगेगा व ढोल-नगाड़ों से महाआरती की जाएगी। मंदिर में दिन ही हवन-पूजन, जप व धार्मिक अनुष्ठान चलेंगे। मां बगलामुखी के साथ ही मंदिर में विराजित दस महाविद्याओं का भी अभिषेक-पूजन व श्रृंगार के साथ आरती-भोग संपन्न होगा।

## राज्यमंत्री पटेल ने किया महाकाल दर्शन



उज्जैन। छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने गुरुवार को ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुँचे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल ने उनका स्वागत किया।

## शिवधाम में मंगल महोत्सव एवं यज्ञ

मंगलनाथ मंदिर के सामने स्थित शिवधाम श्री चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मंगल महोत्सव एवं यज्ञ अनुष्ठान की शुरुआत गुरुवार से की गई। पुजारी महंत अमर भारती के सानिध्य में यह आयोजन होगा जिसमें मंगल कलश यात्रा, ध्वज यात्रा के साथ सुबह हवन आरंभ किया गया। इस अवसर पर नगर के अखाड़ों व आश्रमों के संत-महंत गण भी उपस्थित हुए। यज्ञ के आचार्य पं. ईश्वर शर्मा एवं यजमान नेहक जाजू मुंबई व अविन कैथवास, आरित्र कैथवास रहेंगे। कल सुंदरकांड व भजन संध्या है तो 28 को रक्तदान शिविर। 29 को सुधीर सांखला भजन संध्या की होगी।1 मई को कथा के साथ दोपहर 12 बजे यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी।

# रेलवे के प्रत्येक स्टेशन पर बनेगा कंट्रोल सिस्टम

## मुख्य सचिव हुए सख्त ,समय से पहले पूरे हों सिंहस्थ के काम, सड़क, पुल हर प्रोजेक्ट पर तेज़ी जरूरी, रेलवे का मेगा प्लान

**उज्जैन। सिंहस्थ 2028 के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक स्तर पर क्राउड मैनेजमेंट की तैयारी शुरू कर दी है। उज्जैन रेलवे स्टेशन सहित आसपास के प्रमुख स्टेशनों को विकसित कर उन्हें सैटेलाइट स्टेशन के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।**

गुरुवार को संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, रेलवे रतलाम मंडल के एडीआरएम अक्षय कुमार सहित प्रशासन और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष सैलून से पिंगलेश्वर, पंवासा, मोहनपुरा, नईखेड़ी और चिंतामन गणेश स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव के आधार पर सिंहस्थ 2028 के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर तीन नए फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे और प्लेटफार्म नंबर 8 के बाहर करीब 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बड़ा होल्डिंग एरिया विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नईखेड़ी स्टेशन को चार प्लेटफार्म तक विस्तारित किया जाएगा, पंवासा में नया प्लेटफार्म बनेगा, जबकि मोहनपुरा को सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। पिंगलेश्वर, चिंतामन गणेश और विक्रमनगर स्टेशनों का भी उन्नयन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग एंट्री-एग्जिट, नए अप्रोच रोड, फुट ओवर ब्रिज और प्लेटफार्म निर्माण किए जाएंगे।



### सिंहस्थ कार्यों में ढिलाई नहीं चलेगी- 19 नए पुल बनाए जा रहे

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर आयोजित पर्यवेक्षण समिति की बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं और विशेष रूप से सड़क निर्माण कार्य बारिश से पहले हर हाल में पूरे हों। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिसिटी, पुल निर्माण और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की गति बनी रहनी चाहिए और जहां संभव हो, कार्य समय से पहले पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। सिंहस्थ के अंतर्गत उज्जैन जिले में 19 पुलों में से 18 पर काम जारी है, जिनमें से 6 पुलों का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। शिप्रा नदी के घाटों के निर्माण कार्यों को भी बारिश से पहले प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा 155 .93 करोड़ रुपये की लागत वाले 10 महत्वपूर्ण कार्यों के प्रस्ताव पर्यवेक्षण समिति द्वारा अनुशंसित किए गए।

# आज 15 से अधिक स्टार्टअप्स देंगे युवाओं को मौका

**उज्जैन।** युवाओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ने और उनके करियर को नई दिशा देने के लिए उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर में आज 24 अप्रैल को इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 15 से अधिक उभरते स्टार्टअप्स हिस्सा ले रहे हैं, जो प्रतिभाशाली युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगे। सेंटर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाना है।

इस वर्ष की इंटर्नशिप ड्राइव में भाग ले रहे 15 से अधिक स्टार्टअप्स विभिन्न तकनीकी और क्रिएटिव क्षेत्रों में प्रतिभाओं का चयन करेंगे। इंटर्नशिप ड्राइव के अंतर्गत एआई एवं डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग एवं एसईओ, वीडियो एडिटिंग एवं ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब या ऐप डेवलपमेंट, यूआई, यूएक्स डिजाइनिंग और कंटेंट राइटिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध रहेंगे। यह आयोजन विशेष रूप से उन युवाओं के लिए उपयोगी है जो स्टार्टअप वातावरण में काम करने का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं और उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को समझना चाहते हैं। यह ड्राइव युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ ही उनके कौशल को उद्योग के मानकों के अनुरूप विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह इंटर्नशिप ड्राइव आज उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर, सिंहस्थ मेला कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को अपने अपडेटेड रिज्यूमे के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

# युवक को 3 बदमाशों ने मारे चाकू

- सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए

**उज्जैन।** मंदिर से लौट रहे युवक को रास्ते में तीन बदमाशों ने रोक कर चाकू मार दिए। घायल रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा गुरुवार सुबह पुलिस सूचना मिलने पर अस्पताल लेकर पहुंची। चाकू मारने वाले अज्ञात है। नई सड़क पर रहने वाला लीलाधर पिता गंगाराम 35 साल रात में नरसिंह घाट क्षेत्र स्थित कर्कराज मंदिर दर्शन करने गया था जहां से वापस लौटते समय रास्ते में उसे तीन बदमाशों ने रोका और चाकू मार दिया। घायल होने पर लीलाधर रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा सुबह सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। घायल लीलाधर का कहना था कि चाकू मारने वालों को पहचानता नहीं है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि घायल नशे का आदी है विवाद होने पर उसके साथ घटना हुई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कही है फिलहाल घायल के बयान दर्ज कर घटना का पता लगाया जा रहा है।

## एक नजर में



### पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान का शुरू

**उज्जैन।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दाना-पानी अभियान की शुरुआत की गई है। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में यह पुनीत पहल की गई है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि इस प्रकल्प के माध्यम से स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर के वृक्षों और छत पर मिट्टी के सकोरे रखे गए हैं। इनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी और अनाज रखा जा रहा है, ताकि तेज गर्मी में पक्षियों को आसानी से भोजन और पानी मिल सके। इस सेवा कार्य में महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और रासेयो स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### 27 से अग्रणी कॉलेजों में शुरू होंगे साक्षात्कार

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई नई गाइडलाइन पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर संकाय या विषय बदलने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की, इसे लेकर कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज द्वारा समस्त प्राचार्यो की बैठक आयोजित कर इससे अवगत करवाया गया और इसके पालन करवाने के निर्देश दिए गए। अब मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के नए निर्देशों के तहत, विषय बदलकर प्रवेश लेने वाले छात्रों को वॉक-इन-इंटरव्यू की प्रक्रिया से गुजरना होगा। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026 के लिए विषय बदलकर स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, इनका प्रवेश अब वॉक-इन-इंटरव्यू परीक्षा प्रक्रिया से होगा। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत इच्छुक विद्यार्थी 27 अप्रैल से 14 मई के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में सफल होने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा मौके पर ही तीन प्रतियों में पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

### पीएचई कर्मचारियों का धरना, मिला आश्वासन

**उज्जैन।** चामुंडा माता क्षेत्र स्थित पीएचई कार्यालय पर गुरुवार को कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के विरोध में धरना दिया। लंबे समय से भुगतान लंबित होने से नाराज कर्मचारियों ने काम बंद कर नारेबाजी की और जल्द वेतन जारी करने की मांग की। पीएचई नगर निगम विभाग में कार्यरत 34 से अधिक कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले एक माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है। साथ ही वेतन कटौती को लेकर भी कोई स्पष्ट लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार मेहनत और छुट्टियों में भी वसूली अभियान चलाने के बावजूद उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी ने बताया कि कर्मचारी पिछले एक माह से वेतन के लिए परेशान हैं। जैसे ही धरने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को लगी, उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर दो दिनों में वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने फिलहाल धरना समाप्त कर दिया है। इस मौके पर मनोहर गिरी आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

### व्याख्यान और सम्मान समारोह आज

**उज्जैन।** प्रखर पत्रकार, जनकवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानसिंह राही की स्मृति में 42वां काव्यार्चन, व्याख्यान और सम्मान समारोह 24 अप्रैल को शाम छह बजे रविशंकर नगर स्थित मानसिंह राही उद्यान परिसर में मनाया जाएगा। आयोजन समिति के कमल सिंह राही और मनोज त्रिवेदी ने बताया कि अध्यक्षता सोसायटी फॉर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. विशाल सिंह हाडा कार्यकारी अध्यक्ष प्रेस क्लब, महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी होंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में सुनील जैन को आमंत्रित किया गया है। विशेष अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, विवेक गुप्ता, सुरेंद्र यादव होंगे। आयोजन के सूत्रधार और संचालक नरेंद्र सिंह अकेला होंगे।

# ठेकेदारों की सफलता को प्रेरित कर रही है अंबुजा सीमेंट्स

**उज्जैन।** विविधिकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स मध्य प्रदेश भर में स्थानीय ठेकेदारों की क्षमताओं को सशक्त बनाने का कार्य लगातार कर रही है। उज्जैन में बालू सिंह की प्रेरणादायक यात्रा—एक युवा दिहाड़ी मजदूर से व्यक्तिगत आवास निर्माण के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बनने तक—इस बात का उदाहरण है कि कौशल मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग किस तरह करियर को नई दिशा दे सकते हैं। पिछले 15 वर्षों में उन्होंने 30 से अधिक घरों का निर्माण किया है और अनेक परिवारों का विश्वास जीता है। निर्माण क्षेत्र में बालू के शुरुआती दिन पूरी तरह से कार्यस्थलों पर व्यावहारिक सीख के साथ गुज़रे। जब अंबुजा सीमेंट्स के इंजीनियरों ने पहली बार काहलाना में उनसे मुलाकात की तो उन्होंने बेहतर निर्माण पद्धतियों को साझा किया। सही तकनीकों का प्रदर्शन किया और उन्हें आईएमपी सेवा से परिचित कराया। आज बालू सिंह 4 से 5 सक्रिय एसीटी (अंबुजा सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी) निर्माण स्थलों का प्रबंधन कर रहे हैं और अंबुजा सीमेंट्स के लॉयल्टी प्रोग्राम से भी लाभान्वित हो रहे हैं। जिसके तहत उन्हें दुर्घटना बीमा कवरेज भी प्राप्त हुआ है। उज्जैन में अपनी विश्वसनीयता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान के लिए जाने जाने वाले बालू सिंह इस बात का उदाहरण हैं कि ज्ञान, दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन के साथ निर्माण क्षेत्र में दीर्घकालिक सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# पंथपिपलई के पास दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

- ग्राम कोलूखेड़ी का रहने वाला था राजनाथ पिता दिलीप नाथ

**उज्जैन। इंदौर रोड स्थित पंथपिपलई में हुई दुर्घटना में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। गुरुवार सुबह परिजनों ने हत्या का आरोप लगा दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत दुर्घटना में ही होना सामने आई है।**

भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोलूखेड़ी में रहने वाला राजनाथ पिता दिलीप नाथ 26 साल बुधवार को बाइक से अपने ससुराल सांवेर के समीप लक्ष्मणखेड़ी गया था। देर रात वापस लौटते समय पंथपिपलई के समीप हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंच गए थे। नानाखेड़ा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान मृतक की मौसी के लड़के प्रभु ने आरोप लगाया कि राजनाथ की हत्या हुई है। उसने कॉल कर मां को बताया था कि उसके साथ मारपीट हो रही है। लेकिन यह नहीं बताया था कि मारपीट कहां हो रही है और कौन कर रहा है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि घटना स्थल पर अज्ञात वाहन से टक्कर होना सामने आया है। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का है। परिवार द्वारा लगाए गए आरोप की जांच की जाएगी हैं। मृतक मजदूरी करता था और एक बच्चे का पिता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मामला स्पष्ट हो जाएगा।

## युवक से रिमांड पर पूछताछ, महिला को भेजा जेल

उज्जैन। चैकिंग के दौरान उन्हेल पुलिस ने बाइक पर सवार महिला और युवक को रोका तो भागने का प्रयास करने लगे। दोनों को पकड़ा गया और युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 55 .47 ग्राम ड्रग्स बरामद हो गई। महिला को जेल भेज युवक को 3 दिनों की रिमांड पर लिया है। उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चैकिंग पाइंट लगाया गया था। इस दौरान नागदा की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर एक युवक और महिला आते दिखाई दिये। बाइक को रोकने का प्रयास किया तो युवक ने रास्ता बदलकर भागने का प्रयास किया। शंका होने पर चैकिंग पाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को पकड़ा और पूछताछ शुरू की। युवक ने अपना नाम सोहेल पिता मोहम्मद अनवर 34 साल निवासी बेगमबाग उज्जैन और महिला ने रूबीना पति अजहर सैय्यद 36 साल निवासी महिदपुर बताया। पुलिस ने बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे और तलाशी ली तो उनके पास से 55 .47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सोहेल को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

# असाध्य रोगों का नि :शुल्क आयुर्वेद शिविर, जड़ी-बूटियों से उपचार

**उज्जैन। भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन में एक विशेष नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 20 से 24 अप्रैल तक युवराज द्वार क्षीर सागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में अपनी नि:शुल्क सेवाएं दे रहे हैं।**

मरीजों की सुविधा के लिए इस शिविर का समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। वैद्य जायसवाल विगत कई वर्षों से अपनी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से मरीजों का सफल उपचार करते आ रहे हैं और इससे पूर्व भी वे लगातार महाकाल वन मेला उज्जैन के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर तथा ग्वालियर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वैद्य जायसवाल ने आम नागरिकों से इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी या संपर्क के लिए मरीज उनके मोबाइल नंबर 9755703571 और 9300644113 पर संपर्क कर सकते हैं।




## नाड़ी परीक्षण से बिना बताए बीमारी पहचान

.शिविर में वैद्य नाड़ी परीक्षण कर बिना बताए ही उसका रोग पहचान लेते हैं। एक ही छत के नीचे मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, बवासीर, पथरी, साइटिका, टीबी, थायराइड, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैंसर, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, प्रोस्टेट जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध है।

# ड्राइवर के साथ मारपीट, बहन ने बुलाई पुलिस

**उज्जैन।** गुरुवार सुबह नागझिरी उद्योगपुरी में ड्राइवर को आधा दर्जन लोगों ने घेर लिया और हमला कर दिया। हमलावर उसे घर तक ले गए और पटककर भाग निकले। बहन ने पुलिस बुलाई और घायल भाई को अस्पताल पहुंचाया। नागझिरी क्षेत्र में रहने वाला पप्पू पिता रमेशचंद्र डाबी ड्रायवरी करता है। उसने अपनी लोडिंग गाड़ी नागझिरी उद्योगपुरी स्थित बालाजी तौलकांटे के पास रात में खड़ी की थी। सुबह वह गाड़ी लेने के लिए तौलकांटे के पास पहुंचा था। इस दौरान अंकित, अभिषेक, शुभम और तीन चार अन्य पहले से खड़े थे। उन्होंने पप्पू को घेर लिया और हमला कर दिया। यही नहीं पप्पू को घायल करने के बाद वह उसके घर तक लेकर पहुंचे और छोड़कर भाग निकले। पप्पू को घायल हालत में बहन ने देखा तो डायल-112 पर कॉल किया और अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पप्पू पर हमला क्यों हुआ है इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। लेकिन बताया जा रहा है कि पप्पू पर हमला करने वालों का कहना था कि गाली गलौच क्यों करता है। पप्पू का कहना था कि अंकित, अभिषेक, शुभम उद्योगपुरी में ही काम करते हैं। उनसे कोई विवाद नहीं हुआ था न ही गाली गलौच हुई थी। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# कश्मीर पहुंचकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पिछले वर्ष 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीय पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उज्जैन का वर्धमान ग्रुप पहलगाम पहुंचा। यहां सदस्यों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष तनु बड़जात्या एवं सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप के कुल 100 दंपत्ति सदस्य वहां उपस्थित थे। वहीं पंकज रेणु जैन ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेन्द्र बड़जात्या, शैलेंद्र जैन, सुनील बुखारिया, दीपक जैन, विवेक जैन, राहुल जैन और पंकज नीतू जैन पहलगाम में उपस्थित थे।

**कल से स्वच्छता सर्वेक्षण** — स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कार्य 25 अप्रैल से, सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें

# सफाई कार्य में लापरवाही ना हो, इस बार स्वच्छता में नंबर वन आना है

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अभियान के अंतर्गत सर्वे कार्य 25 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। विजिटर टीम उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था का किसी भी समय भ्रमण कर सकती है। इसलिए शहर की सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए नवीन टूलकिट के अनुसार कार्य करना है। उक्त निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा दिए गए। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखा जाकर निरंतर जन जागरूकता गतिविधियों का संचालन आईईसी टीम के माध्यम से किया जा रहा है। शहर के प्रमुख उद्यानों, जल संरचनाओं की विशेष रूप से सफाई कार्य, कचरा पृथकीरण अंतर्गत गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग संग्रहित किए जाने का कार्य साथ ही स्वच्छता अभियान अंतर्गत शहर के नागरिकों की भी मुख्य भूमिका रहेगी। जिनके सकारात्मक फीडबैक के परिणाम स्वरुप ही हम स्वच्छता में नंबर वन आएंगे। उज्जैन शहर पिछली बार सुपर स्वच्छता लीग अंतर्गत 3 से 10 लाख की जनसंख्या में प्रथम स्थान पर आया था। यह स्थान हमें निरंतर बनाए रखना है। इस बार की परीक्षा में उन्हेल नगर परिषद को भी स्वच्छ शहर जोड़ी के अंतर्गत शामिल किया गया है। जहां पर स्वच्छता की कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के साथ गंगा रिवर टाउन भी एक स्वच्छता अभियान की केटेगिरी है। जिसके अंतर्गत उज्जैन शहर क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए नदी की स्वच्छता का ध्यान भी रखा जा रहा है। निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार क्षिप्रा कवच टीम का गठन किया गया है। जो घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।




### दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन लिखे गए

सर्वेक्षण अंतर्गत मुख्य बिंदु जिसमें कचरा सेग्रीगेशन शत प्रतिशत किया जाना, शहर की जल संरचनाओं की सफाई, बरसाती नाले-नालियों की सफाई, नालों की कवरिंग एवं स्क्रीनिंग जाली लगवाई जाना, जुर्माने के बोर्ड एवं जल संरचनाओं के पास चेतावनी बोर्ड, वेस्ट टू वंडर पार्क का संचालन, दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन, सुंदर चित्रकारी करना, स्कूल, कॉलेज में अवेयरनेस कार्यक्रम संचालित करना, क्योंकि बच्चों के द्वारा ही स्वच्छता का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाता है।